# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

NABET

INDIAN PUBLIC SCHOOLS' CONFERENCE

**PERIODIC_TEST- 01 (2025-26)**
**HINDI (085)**
**MARKING SCHEIM**

Class : X
Date : 30.06.2025

Duration : 1 Hrs
Max. Marks : **25**

---

भाग 'क' : अपठित गद्यांश (07 अङ्क)

प्रश्न 01 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए पश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार दीजिए –

[1] इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होना चाहिए ? 1 अंक

क] संकट और विकास

[2] पांडवों की जीत के पीछे क्या कारण बताया गया है ? 1 अंक

घ] संकटों का मुकाबला

[3] साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है यह किस प्रकार का वाक्य है ? 1 अंक

क] सरल वाक्य

[4] साहसी मनुष्य की पहचान क्या है ?

उत्तर - साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता है कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। 2 अंक

[5] क्रांतिकारी लोग कैसे होते हैं ?

उत्तर - क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो किसी पड़ोसी से या पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं । 2 अंक

भाग 'ख' : व्याकरणम् (06 अङ्क)

प्रश्न 2 पदबंध के आधार पर किन्हीं दो पश्नों के उत्तर दीजिए - 2 अंक

[1] संज्ञा पदबंध का उदाहरण देते हुए कारण स्पष्ट कीजिए |

उत्तर - काले बालों वाला लड़का घर में बैठा है।(लड़का संज्ञा पद है,अन्य पद संज्ञा पद के लिए काम कर रहे है।)

[2] सर्वाधिक रन बनाने वाला वह बल्लेबाज देशभक्त है | रेखांकित अंश किस पदबंध का उदाहरण है और क्यों ?

उत्तर - संज्ञा पदबंध ( बल्लेबाज संज्ञा पद के लिए अन्य पदों ने कार्य किया)

[3] मेरे घर के सामने बना बगीचा सार्वजनिक है | रेखांकित अंश का भेद स्पष्ट करते हुए कारण बताइए |

उत्तर - अव्यय ( क्रिया विशेषण) यह पदबंध वाक्य में बगीचा शब्द की स्थिति यानी स्थान के बारे में बताता है। यह जगह के बारे में जानकारी देता है इसलिए इसे क्रिया विशेषण पदबंध कहते हैं।

प्रश्न 3 वाक्यरूपांतरण के आधार पर किन्हीं दो पश्नों के उत्तर दीजिए - 2 अंक

[1] जब तेज वर्षा हुई तब नदी में बाढ़ आ गई | वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए |

उत्तर – वर्षा तेज होते ही नदी में बाढ़ आ गई।

[2] सर्वाधिक दुश्मनों को मात देने वाला वह सैनिक देशभक्त है | वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए |

उत्तर – जो सर्वाधिक दुश्मनों को मात देता है,वही सैनिक देशभक्त है।

[3] सुबह हुई : पक्षी चहचहाने लगे | वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए |

उत्तर - सुबह हुई और पक्षी चहचहाने लगे।

प्रश्न 4 समास के आधार पर किसी एक पश्न का उत्तर दीजिए - 1 अंक

[1] चक्रपाणी का विग्रह कटे हुए समास का नाम लिखिए |

उत्तर – चक्र है पाण में जिसके (विष्णु) बहुव्रीहि समास

[2] अंशु है माला जिनकी" विग्रहपद के लिए समस्तपद लिखते हुए समास का नाम लिखिए |

उत्तर - अंशुमाली (सूर्य ) बहुव्रीहि

प्रश्न 5 मुहावरे के आधार पर किसी एक पश्न का उत्तर दीजिए - 1 अंक

[1] आजकल समाचार चैनल वाले छोटी वारदात को भी ------------- बनाकर प्रस्तुत करे हैं | उचित मुहावरे से रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए |

उत्तर – तिल का ताड़ बनाना

[2] दूसरों के सामने बोलते समय शब्दों को ------------ बोलना चाहिए | उचित मुहावरे से रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए |

उत्तर - नाप तोल कर बोलना

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (07 अङ्क)

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए – 4 अंक

[1] "हम घर जाल्या आपणाँ" कहकर कवि कबीर क्या समझाना चाहते हैं ?

उत्तर – अपनी सांसारिक वासनाओं रूपी घर को जलाने पर ही प्रभु की प्राप्ति होती है

[2] कवि कबीर ने संसार में सच्चा हितैषी किसे कहा है और क्यों ?

उत्तर – जो व्यक्ति बिना साबुन और पानी के हमारे स्वभाव को निर्मल कर दे।

[3] कबीर ने सुख व दुःख की सच्ची परिभाषा दी है | कैसे ?

उत्तर - प्रभु का रहस्य जानकर उनके विरह में तड़पने वाला मनुष्य दुखी है, जबकि संसारी लोग सुखी हैं।

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए – 3 अंक

[1] बड़े भाई साहब का चरित्र चित्रण कीजिए |

उत्तर – बड़े भाई एक जिम्मेदार ,समझदार और अनुभवी व्यक्ति हैं। उपदेश की कला में निपुण और कठोर स्वभाव के हैं।बड़े भाई है तो छोटे लेकिन घर में उनसे छोटे एक भाई और है अतः वे अपना दंभ पाले हुए है। वे घर में अपना रौब रखना चाहते है।बड़े होने के नाते वह हर समय यह कोशिश करते हैं कि वह छोटे भाई के लिए एक मिसाल कायम करें।

[2] बड़े भाई साहब शिक्षा पद्धति की किन विसंगतियों पर व्यंग्य किया है ? क्या वही विसंगतियाँ वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मौजूद हैं ?

उत्तर - बड़े भाई साहब अनुभव के ज्ञान को सच्चा ज्ञान मानते थे। बड़े भाई साहब ने रटत विद्या पर ज़ोर दिया है।अंग्रेजी भाषा को ज्यादा महत्व देना और बच्चों की क्षमताओं पर ध्यान ना देना आदि विसंगतियों पर व्यंग्य किया है।( छात्रों के अपने विवेकानुसार उत्तर स्वीकार)

भाग 'घ' : लेखन (05 अङ्क)

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन कीजिए – 5 अंक

[1] आप डी -16 प्रतापगढ़ निवासी मनोहर हैं | आपके क्षेत्र में अनैतिक तरीके से रेत खनन का कार्य चल रहा है | इसकी शिकायत कलेक्टर प्रतापगढ़ को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर कीजिए |

| | |
|---|---|
| उत्तर – आरम्भ और अंत की औपचारिकताएं | 1 अंक |
| विषय वस्तु | 3 अंक |
| भाषा | 1 अंक |

[2] दिल्ली के इन्द्रप्रस्थ क्षेत्र में घुसपैठिए आकर पैर पसार रहे हैं | इन्द्रप्रस्थ निवासी प्रमेन्द्र की ओर से गृहमंत्रालय भारत सर्कार को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर सूचना दीजिए और भारत पर आने वाले संकट कि ओर ध्यान आकर्षित कीजिए |

| | |
|---|---|
| उत्तर – आरम्भ और अंत की औपचारिकताएं | 1 अंक |
| विषय वस्तु | 3 अंक |
| भाषा | 1 अंक |

========================== समाप्त ============================